कार्यालय शहरी संकुल प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी (UCEEO) एवं प्रधानाचार्य
पीएमश्री सेठ रामदयाल राठी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सूरतगढ़

क्रमांक : **540** दिनांक : **21.11.2026**

विज्ञप्ति
(विद्या संबल योजना द्वितीय चरण)

श्रीमान् निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर के पत्र क्रमांक/राजकाज सं. 25385618 दिनांक 10.11.2026 एवं कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, सूरतगढ़ के निर्देशों (क्रमांक 1866 दिनांक 12.11.2026) की अनुपालना में सत्र 2026–27 में विद्या संबल योजना के द्वितीय चरण के अंतर्गत अधीनस्थ **स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल, सूरतगढ़** में रिक्त पदों पर पात्र अभ्यर्थियों को **'गेस्ट फैकल्टी'** (Guest Faculty) के रूप में पूर्णतः अस्थायी आधार पर लगाए जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1. रिक्त पदों एवं विषयों का विवरण :–

क्रम सं.	विद्यालय का नाम	पद का नाम	विषय	रिक्त पद	न्यूनतम योग्यताएं एवं अनिवार्य शर्तें
1	**स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल ,सूरतगढ़** (UDISE Code) 08010859701	प्राध्यापक (कक्षा 11 एवं 12 हेतु)	गणित (Mathematics)	1	राजस्थान शिक्षा राज्य एवं अधीनस्थ सेवा नियम 2021 में संबंधित पद एवं विषय हेतु वर्णित प्रावधानों के अनुसार। **अनिवार्य शर्त : न्यूनतम वांछित शैक्षणिक अर्हता अंग्रेजी माध्यम में अर्जित की जानी अनिवार्य होगी।**
2			जीवविज्ञान (Biology)	1	
3			शारीरिक शिक्षा	1	

2. आवेदन प्रक्रिया एवं निर्धारित समय–सारणी :–

- **आवेदन प्राप्त करने की तिथि एवं समयः** दिनांक **23.11.2026** से **25.11.2026** (दोपहर 12:00 बजे तक)।
- **आवेदन प्रस्तुति का माध्यमः** पात्र अभ्यर्थी अधिकतम 65 वर्ष तक के सेवानिवृत शिक्षक/निजी अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में पूर्ण भरा हुआ आवेदन पत्र, समस्त आवश्यक शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, अंग्रेजी माध्यम संबंधी प्रमाण–पत्र, पहचान एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर विद्यालय समय में कार्यालय शहरी संकुल प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी (UCEEO) एवं प्रधानाचार्य, पीएमश्री सेठ रामदयाल राठी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सूरतगढ़ में व्यक्तिशः उपस्थित होकर प्रस्तुत करेंगे।
- **प्राप्त आवेदनों की सूची का प्रकाशन (UCEEO स्तर):** दिनांक **26.11.2026** (सांय 04:00 बजे तक)।
- **अस्थाई वरीयता सूची जारी करना एवं आपत्तियां मांगनाः** दिनांक **27.11.2026** से **28.11.2026** (दोपहर 02:00 बजे तक)।
- **आपत्तियों के निस्तारण पश्चात् अंतिम/स्थाई वरीयता सूची का प्रकाशनः** दिनांक 30.112026 (सांय 06:00 बजे तक)

3. मानदेय एवं मुख्य शर्तें:

- **मानदेयः** प्राध्यापक (कक्षा 11 एवं 12 हेतु) पद हेतु 400 रू. प्रति घण्टा (अधिकतम मासिक मानदेय 30,000 रू.) देय होगा।

Scanned with OKEN Scanner

- **वरीयता निर्धारणः** न्यूनतम वांछित शैक्षणिक योग्यता के प्राप्ताकों का 75 व प्रशैक्षणिक योग्यता का 25 अंकभार जोड़कर वरीयता सूची तैयार की जाएगी। समान अंक होने की स्थिति में अधिक आयु के निजी अभ्यर्थी को वरीयता में कम आयु के निजी अभ्यर्थी के उपर रखा जाएगा। सेवानिवृत कार्मिक को प्राथमिकता दी जाएगी एवं किसी भी स्तर पर साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा।
- **अन्य शर्तें** – गेस्ट फैकल्टी के रूप में की गई सेवाएं भविष्य में नियमित नियुक्ति या स्थायीकरण का आधार नहीं होंगी। शेष सभी शर्तें वित्त विभाग के परिपत्र दिनांक 30.03.2021 एवं विभागीय दिशा–निर्देशों के अनुसार लागू होंगी।

(संजीव कुमार मदान),
प्रधानाचार्य/पदेन UCEEO
पीएमश्री सेठ रामदयाल राठी रा0उ0मा0वि0
सूरतगढ़ (श्री गंगानगर)

क्रमांक : **540**

दिनांक : **21.11.2026**

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. श्रीमान् मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा, श्रीगंगानगर।
2. श्रीमान् जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा, श्रीगंगानगर।
3. श्रीमान् मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सूरतगढ़।
4. प्रधानाचार्य, स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल, सूरतगढ।
4. विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर सार्वजनिक सूचना हेतु।
5. .रक्षित पत्रावली।

(संजीव कुमार मदान),
प्रधानाचार्य/पदेन UCEEO
पीएमश्री सेठ रामदयाल राठी रा0उ0मा0वि0
सूरतगढ़ (श्री गंगानगर)

Scanned with OKEN Scanner